28 जून, 2023

## हर तरफ प्यार की महक है! ब्रैम्पटन फार्मर्स मार्किट में शादी करें!

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, इस गर्मी केवल तीन शनिवारों को सिविल विवाह समारोह पेश कर रही है! कई लोगों के अनुरोध से एक बार फिर शादी समारोह आ गया है, फार्मर्स मार्किट (Farmers' Market) के दौरान, डाउनटाउन ब्रैम्पटन (Downtown Brampton) में खूबसूरत गेज पार्क (Gage Park) में, 350 डॉलर (प्लस एच.एस.टी.) में सिविल विवाह अधिकारी के द्वारा, शादी की कसमें खाएं और शादी करें।

सीमित जगहें उपलब्ध हैं:

- शनिवार, 15 जुलाई के लिए जगह बुक करने हेतु, 7 जुलाई को खुद आकर बुक करें।
- शनिवार, 26 अगस्त के लिए जगह बुक करने हेतु, 18 अगस्त को खुद आकर बुक करें।
- शनिवार, 16 सितम्बर के लिए जगह बुक करने हेतु, 8 सितम्बर को खुद आकर बुक करें।

बुकिंग करवाने के समय बुकिंग्स का पूरा भुगतान किया जाना आवश्यक है। बुकिंग के समय, शादी का वैध लाइसेंस पेश करना या खरीदना आवश्यक है (165 डॉलर)। शादी का लाइसेंस सिटी हॉल (City Hall) में खुद आकर लिया जा सकता है (सोमवार से शुक्रवार, सुबह 8:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक)।

**शादी के लाइसेंस**

अपनी शादी की योजना बना रहे हैं? ओनटैरियो में शादी करने से पहले, आपके लिए शादी का लाइसेंस लेना आवश्यक है। सिटी ऑफ ब्रैम्पटन से, शादी का लाइसेंस (marriage licence) लेने के लिए शर्तों और समय सीमाओं के बारे में जानकारी लें।

-30-

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca